Title: Need to take remedial steps to check the erosion caused by rivers in Khalilabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh. − Laid.

श्री भाल चन्द्र यादव (खलीलाबाद): अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र खलीलाबाद, उ0प्र0 में छोटी-बड़ी कुल सात नदियां प्रवाहित होती हैं। इनमें राप्ती, सरयू एवं कुआनो तीन प्रमुख नदियां हैं। इन नदियों में बरसात के मौसम में प्रायः बाढ़ आती रहती है। बाढ़ से जन धन की सुरक्षा के लिए बांध बनाये गये हैं। राप्ती, कुआनो एवं सरयू नदी पर बनाये गये बांध बहुत कम ऊंचाई के बनाये गये हैं। बाढ़ के समय नदी का जलस्तर बढने पर पानी बांधों के ऊपर से होकर पूरे इलाके में फैल जाता है। बांध के ऊपर से पानी बहने से बांध टूट जाते हैं। मेरे जनपद संत कबीर नगर, उ0प्र0 में नदियों पर बने बांध मात्र बलुई मिट्टी बरसात के पानी के साथ बहन लगती है और जगह जगह बांध कट जाता है। राप्ती नदी मेरे क्षेत्र में नवगो, बेलौली, घूरापाली एवं सरयू नदी खड़गपुर में तथा कुआनो नदी की धारा गोपालपुर, मठिया, गुरहवा आदि स्थानों पर बांध की कटान कर रही है, जिससे बांध नदी की धारा में विलीन होने के कगार पर है।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि मेरे जनपद के सभी बांधों पर पत्थर लगाने तथा कटान पर ठोकर लगवाने की व्यवस्था करायें। जिससे बांधों की कटान को रोका जा सके। सभी बांधों को कम से कम एक मीटर ऊंचा कराया जाये, जिससे नदी का जलस्तर बढ़ने पर पानी बांध के ऊपर से होकर न बहने पाये।